भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 814
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला
उत्तर

भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा नीति

814. श्री अरुप चक्रवर्तीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उन व्यक्तियों के लिए मुआवजे हेतु कोई नीति तैयार की है जिनकी भूमि शहरों एवं कस्बों में हवाई अड्डों, विशेष रूप से द्वितीयक हवाई अड्डों के निर्माण हेतु अधिग्रहीत की जानी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) निजी कंपनियों द्वारा निर्मित ग्रीनफील्ड एवं ब्राउनफील्ड विमानपत्तनों का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा ऐसी परियोजनाओं में भाग न लेने के क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : भारत सरकार ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। जीएफए नीति के अनुसार, ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की परियोजनाओं जैसे भूमि अधिग्रहण, आरएंडआर आदि के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकार या हवाईअड्डा विकासकर्ता, जैसी भी स्थिति हो, की होती है, चाहे शहर के भीतर हवाईअड्डों की संख्या कुछ भी हो। इसके अलावा, राष्ट्रीय नागर विमानन नीति, 2016 के अनुसार, हवाईअड्डे के विकास के लिए भूमि, संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा निः शुल्क प्रदान की जानी है और यह भूमि किसी भी प्रकार की बाधा से मुक्त होनी चाहिए।

(ख) : नए स्थलों पर निर्माण किए गए हवाईअड्डे, ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे हैं, जबकि ब्राउनफील्ड हवाईअड्डे मौजूदा हवाईअड्डे हैं जिनका समय-समय पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों/विकासकर्ताओं द्वारा विस्तार, उन्नयन/आधुनिकीकरण किया जाता है। वर्तमान में, छह ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे विकास के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से तीन ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों नामतः महाराष्ट्र में नवी मुंबई (दिनांक 08.10.2025 को उद्घाटन किया गया), आंध्र प्रदेश में भोगापुरम, उत्तर प्रदेश में नोएडा (जेवर) का विकास संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निजी भागीदारों के सहयोग से किया जा रहा है।

(ग) : जीएफए नीति के तहत, एएआई ने पाक्योंग, कुशीनगर, ईटानगर और राजकोट में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को विकसित किया है और यह हवाईअड्डे एएआई द्वारा प्रचालित किए जा रहे हैं।

******